भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1262
दिनांक 31 जुलाई, 2023

घरेलू एलपीजी के दामों में बढ़ोतरी

1262#. श्री राम नाथ ठाकुर :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत 5 वर्षों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में हुई वृद्धि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों ने महंगे गैस सिलेंडर खरीदना कम कर दिया है और क्या इसे सत्यापित करने के लिए कोई अध्ययन कराया गया है; और

(ग) क्या यह भी सच है कि उज्जवला योजना के लाभार्थी महंगे गैस सिलेंडरों का उपयोग करने के बजाय खाना पकाने के पुराने तरीकों की ओर पुन: लौट रहे हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): भारत अपनी घरेलू एलपीजी खपत के 60 प्रतिशत से अधिक का आयात करता है। देश में एलपीजी के मूल्य अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में इसके मूल्य से जुड़े हुए हैं। तथापि, सरकार घरेलू एलपीजी के उपभोक्ता के लिए प्रभावी मूल्य को आवश्यकतानुसार घटाती-बढ़ाती रहती है। यथा स्वीकार्य राजसहायता पात्र लाभार्थियों के खातों में जमा कर दी जाती है। इसके अलावा, सरकार ने वर्ष 2022-23 और 2023-24 हेतु प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) लाभार्थियों के लिए अधिकतम 12 रीफिल्स हेतु 200 रुपए प्रति 14.2 कि.ग्रा. सिलिंडर की निर्धारित राजसहायता शुरू की है।

वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक की अवधि के दौरान औसत सऊदी सीपी (एलपीजी के मूल्य निर्धारण हेतु अंतर्राष्ट्रीय बेंचमार्क) 415 अमरीकी डॉलर प्रति एमटी से बढ़ कर 712 अमरीकी डॉलर प्रति एमटी हो गया। तथापि, अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों में वृद्धि का पूरा भार भारतीय नागरिकों पर नहीं डाला गया था जिसके कारण तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) को घरेलू एलपीजी की बिक्री पर लगभग 28000 करोड़ रुपए की अल्प वसूली हुई थी। इसकी भरपाई करने के लिए सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 में ओएमसीज को 22,000 करोड़ रुपए का एकबारगी मुआवजे का भुगतान किया है। कोविड महामारी के दौरान सरकार ने प्रधान मंत्री गरीब कल्याण पैकेज के तहत वर्ष 2020 के दौरान पीएमयूवाई परिवारों को लगभग 14.17 करोड़ नि:शुल्क रीफिल्स भी उपलब्ध करवाए थे।

पीएमयूवाई लाभार्थियों द्वारा एलपीजी खपत की नियमित आधार पर निगरानी की जाती है। परिवारों द्वारा घरेलू एलपीजी की खपत विभिन्न घटकों जैसे खाने की आदतों, परिवार के आकार, खाना पकाने की आदतों, मूल्य, वैकल्पिक ईंधनों की उपलब्धता आदि पर निर्भर करती है। देश में एलपीजी की खपत वर्ष 2015-16 में 19.62 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) से बढ़ कर वित्त वर्ष 2022-23 में 28.50 एमएमटी हो गई है। इसके अलावा, घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या दिनांक 01.05.2016 की स्थिति के अनुसार 16.67 करोड़ से बढ़ कर दिनांक 01.07.2023 की स्थिति के अनुसार 31.5 करोड़ (9.59 करोड़ पीएमयूवाई लाभार्थियों सहित) हो गई है। पीएमयूवाई परिवारों की एलपीजी की प्रति व्यक्ति खपत (प्रति वर्ष 14.2 किलोग्राम रिफिल्स की संख्या के लिहाज से) वर्ष 2019-20 में 3.01 रिफिल से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 3.71 रिफिल हो गई है।

दिल्ली में वर्ष 2018 से घरेलू एलपीजी (14.2 किग्रा. सिलिंडर) के खुदरा बिक्री मूल्यों (आरएसपी) के ब्यौरे **अनुलग्नक** में दिए गए हैं।

अनुलग्नक

“घरेलू एलपीजी के दामों में बढ़ोतरी” के संबंध में दिनांक 31 जुलाई, 2023 को श्री राम नाथ ठाकुर द्वारा पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1262 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

निम्नलिखित दिनांक से प्रभावी	घरेलू एलपीजी का खुदरा बिक्री मूल्य (14.2 रुपए/कि.ग्रा. सिलेंडर)
1-अप्रैल-18	653.50
1-मई-18	650.50
1-जून-18	698.50
1-जुलाई-18	754.00
1-अगस्त-18	789.50
1-सितंबर-18	820.00
1-अक्टूबर-18	879.00
1-नवंबर-18	939.00
7-नवंबर-18	942.50
1-दिसंबर-18	809.50
1-जनवरी-19	689.00
1-फरवरी-19	659.00
1-मार्च-19	701.50
1-अप्रैल-19	706.50
1-मई-19	712.50
1-जून-19	737.50
1-जुलाई-19	637.00
1-अगस्त-19	574.50
1-सितंबर-19	590.00
1-अक्टूबर-19	605.00
1-नवंबर-19	681.50
1-दिसंबर-19	695.00
1-जनवरी-20	714.00
1-फरवरी-20	714.00
12-फरवरी-20	858.50
1-मार्च-20	805.50
1-अप्रैल-20	744.00
1-मई-20	581.50
1-जून-20	593.00
1-जुलाई-20	594.00
2-दिसंबर-20	644.00
15-दिसंबर-20	694.00
4-फरवरी-21	719.00
15-फरवरी-21	769.00

निम्नलिखित दिनांक से प्रभावी	घरेलू एलपीजी का खुदरा बिक्री मूल्य (14.2 रुपए/कि.ग्रा. सिलेंडर)
25-फरवरी-21	794.00
1-मार्च-21	819.00
1-अप्रैल-21	809.00
1-जुलाई-21	834.50
17-अगस्त-21	859.50
1-सितंबर-21	884.50
6-अक्टूबर-21	899.50
22-मार्च-22	949.50
7-मई-22	999.50
19-मई-22	1003.00
22-मई-22	1003.00
6-जुलाई-22	1053.00
1-अगस्त-22	1053.00
1-सितंबर-22	1053.00
1-अक्टूबर-22	1053.00
1-नवंबर-22	1053.00
1-दिसंबर-22	1053.00
1-जनवरी-23	1053.00
1-फरवरी-23	1053.00
1-मार्च-23	1103.00

स्रोतः पेट्रोलियम योजना एवं विश्ले ण प्रको (पीपीएसी)

नोटः दिनांक 21 मई, 2022 से पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए 200 रुपए की निर्धारित राजसहायता को छोड़कर घरेलू एलपीजी का खुदरा बिक्री मूल्य

****